मेरे बाद तुम्हारे गुज़र-बसर का मसला उन मसलों में से है, जो मुझे परेशान रखते हैं, तथा तुम्हारे गुज़र-बसर के प्रबंध का भार वही सहन कर सकेंगे, जो धैर्य वाले होंगे।

आइशा -रज़ियल्लाहु अन्हा- कहती हैं कि अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- कहा करते थेः "मेरे बाद तुम्हारे गुज़र-बसर का मसला उन मसलों में से है, जो मुझे परेशान
रखते हैं तथा तुम्हारे गुज़र-बसर के प्रबंध का भार वही सहन कर सकेंगे, जो धैर्य वाले होंगे।" वर्णनकर्ता (अबू सलमा बिन अब्दुर्रहमान बिन औफ़) कहते हैं कि फिर आइशा - रज़ियल्लाहु अन्हा- कहती थीं◌ः अल्लाह तुम्हारे पिता को जन्नत की सलसबील नामी नहर से पानी पिलाए। उनकी मुराद अब्दुर्रहमान बिन औफ़ से थी, जिन्होंने नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- की पत्नियों को एक माल भेंट किया था, जिसके बारे में कहा जाता है कि चालीस हज़ार में बेचा गया था।
[ह़सन] [इसे तिर्मिज़ी ने रिवायत किया है। - इसे अह़मद ने रिवायत किया है।]

http://www.sunnah.global/hadeeth/hi/show/11196